Tender Heart High School, Sector – 33 B Chandigarh

कक्षा – पहली　　　　　　　　　　विषय – हिन्दी

पुस्तक – कनक हिन्दी पाठमाला　　　　टीचर – सुमन शर्मा

# 'ई (ी) की मात्रा'

सुप्रभात बच्चो !

यह पाठ कक्षा पहली, विषय – हिन्दी, पुस्तक – कनक हिन्दी पाठमाला, पाठ नं० 4, पेज नं० 26 'ई (ी) की मात्रा' से लिया गया है। यह पाठ आपको 14 अक्तूबर, 2024 को भेजा जाएगा। यह आवाज़ 'सुमन शर्मा' की है।

बच्चो ! आज हम 'बड़ी ई (ी) की मात्रा' के विषय में पढ़ेंगे। पिछले सप्ताह आपने 'इ (ि) की मात्रा' के बारे में पढ़ा था। बच्चो ! बड़ी ई की मात्रा वर्ण के दाईं तरफ (Right hand side) लगाई जाती है। यह मात्रा अक्षर / वर्ण के बाद लगाई जाती है। बड़ी ई (ी) की मात्रा के उच्चारण में छोटी इ (ि) की मात्रा के उच्चारण से अधिक समय लगता है। आइए इनके उच्चारण के अंतर को समझते हैं।

| इ ि की मात्रा | ई ी की मात्रा |
|---|---|
| कि | की |
| खि | खी |
| गि | गी |

कक्षा - पहली विषय - हिन्दी

टीचर - सुमन शर्मा उपविषय - ई (ी) की मात्रा

| इ (ि) की मात्रा | ई (ी) की मात्रा |
|---|---|
| चि | ची |
| जि | जी |
| मि | मी |
| सि | सी |
| नि | नी |

बच्चो ! अब आपने देखा होगा कि 'इ (ि) की मात्रा' को बोलने में कम समय लगता है जबकि 'ई (ी) की मात्रा को बोलने में छोटी इ (ि) की मात्रा से अधिक समय लग रहा है। बच्चो ! अपने पेट पर हाथ रखकर 'छोटी इ (ि) तथा बड़ी ई (ी) की मात्रा' के इन वर्णों को पढ़ो। आपने महसूस किया होगा जब हम 'इ (ि) की मात्रा' के शब्द / अक्षर पढ़ते हैं तो पेट अंदर की ओर जाता है और जब 'बड़ी ई (ी) मात्रा' के शब्द / वर्ण पढ़ते हैं तो पेट फूल कर बाहर की ओर जाता है। बच्चो ! अब दोनों मात्राओं के निशान को याद रखोगे।

कक्षा - पहली          विषय - हिन्दी

टीचर - सुमन शर्मा          उपविषय - ई (ी) की मात्रा

# इ (ि)          ई (ी)

(Left Hand Side)          (Right Hand Side)

चलिए, अब पाँच मिनट की ब्रेक लेते हैं। ब्रेक में मैं आप से कुछ प्रश्न पूछने जा रही हूँ जिनके उत्तर आप ब्रेक के बीच में हल करने का प्रयास करेंगे।

प्र०1 बड़ी ई (ी) की मात्रा वर्ण के किस ओर लगाई जाती है?

प्र०2. किस मात्रा के उच्चारण में कम समय लगता है?

प्र० 3 'बड़ी ई (ी) मात्रा' वर्णों से पहले लगती है या बाद में, उदाहरण द्वारा समझाओ -

(ब्रेक का समय समाप्त)

चलिए, अब मैं आपको ऊपर पूछे गए प्रश्नों के उत्तर बता देती हूँ।

उत्तर 1. बड़ी ई (ी) मात्रा वर्ण के दाईं ओर (Right hand side) लगाई जाती है।

उत्तर 2. छोटी इ (ि) की मात्रा के उच्चारण में कम समय लगता है।

उत्तर 3. बड़ी ई (ी) की मात्रा वर्णों के बाद लगती है। जैसे - पी, दी, थी।

चलिए! अब आपकी पुस्तक में पेज नं० 27 पर दिए बड़ी ई (ी) की मात्रा के शब्द पढ़ते हैं।

कक्षा - पहली विषय - हिन्दी

टीचर - सुमन शर्मा उपविषय - ई (ी) की मात्रा

| | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|
| रानी | बकरी | चमकीला | हाथी | मीता | तकली |
| पानी | गगरी | पथरीला | साथी | फीता | इमली |
| धानी | कजरी | रसीला | नाती | सीता | तितली |
| नानी | चकरी | कटीला | गाती | गीता | मछली |

माली लीची इमली लाया।

नानी मीठी खीर लाई।


सिपाही गाड़ी पर चढ़कर चला गया।


मछली पानी बहा कर गई।

बच्चों ! आशा है कि अब आपको ई (ी) की मात्रा उसकी ध्वनि अच्छे से समझ आ गई होगी।


पुस्तक - कनक हिन्दी पाठमाला        टीचर्स - सुमन शर्मा


# 'ई (ी) की मात्रा'

1.  घड़ी

2.  लीची

3.  लड़की

4.  सीटी


5.  छतरी


6.  दादी


7.  दीपक

8.  लकड़ी

9.  बकरी

10.  हाथी

11.  पपीता

12.  मछली

13.  चाबी

(Last Page)